भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं.1815

जिसका उत्तर 05.12.2024 को दिया जाना है

सुरजपुर, मालदा में सड़क निर्माण

1815. श्री ईशा खान चौधरीः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सुजापुर ग्राम पंचायत, मालदा दक्षिण स्थित सर्विस रोड को 26.19 करोड़ रुपये की आवंटित राशि से मंत्रालय से वित्तीय स्वीकृत प्राप्त हो गई है, यदि नहीं, तो इसे वित्तीय स्वीकृति कब तक प्राप्त हो जाएगी;

(ख) क्या परियोजना निदेशक, एनएचएआई, पीआईयू मालदा, मंगलबाड़ी को संबोधित दिनांक 08 मार्च, 2017 के परिपत्र संख्या यूआरएसएसडब्ल्यूआई/एफ-आर/टीएल/एनएचएआई/2016-17/01493 और यूआरएसएसडब्ल्यूआई/एफ-आर/टीएल/एनएचएआई/2015-16/01420 के माध्यम से यूआरएस द्वारा कालियाचक 1 ब्लॉक में किए गए अतिरिक्त कार्यों के संबंध में कोई कार्रवाई की गई है;

(ग) क्या कालियाचक में फ्लाईओवर का निर्माण व्यवहार्य है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यह देखते हुए कि कालियाचक एक घनी आबादी वाला क्षेत्र है, जहां एनएच-34 पर यातायात की भारी भीड़ को देखते हुए कालियाचक फ्लाईओवर के निर्माण की दिशा में क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) दिनांक 03.05.2021 को किमी 294.800 (फरक्का) से किमी 395.000 (रायगंज) तक चार लेन का कार्य, जिसमें मालदा दक्षिण के अंतर्गत सुरजपुर और कालियाचक दोनों ग्राम पंचायतें शामिल हैं, काफी हद तक पूरा हो गया था। मूल रूप से, कालियाचक क्षेत्र में बलियाडांगा मोड़ को भी बाईपास करते हुए एक बाईपास प्रस्तावित किया गया था। हालांकि, फरवरी 2014 में जनता के प्रतिरोध और राज्य सरकार के अनुरोध के कारण उक्त बाईपास को डीस्कोप कर दिया गया था।

मौजूदा साइट की स्थिति को देखते हुए, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने पर विचार किया जा रहा है। डीपीआर के परिणाम के आधार पर परियोजना के बारे में निर्णय लिया जाएगा।

*****